सुविचार
हार से मत डरो
हारना भी
सफलता का एक
हिस्सा ही है..!

साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom Of Speech

RNI NO. MPHIN/2015/70299

YP24 NEWS
FREEDOM OF SPEECH
जिला एवं तहसील में संवाददाता नियुक्त करना है। संपर्क करे -9425156055

संपादक-नागेश नरवरिया

वर्ष 9, अंक-9 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 5 अप्रैल 2024 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

## किसी महिला की फेसबुक आईडी, व्हाट्सएप आईडी, इन्ट्राग्राम आईडी आदि की मानीटरिंग करना कब अपराध होता है जानिए/IPC, BNS.....

युवा प्रदेश न्यूज नेटवर्क

वर्तमान समय में बहुत से व्यक्ति महिलाओं की सोशल आईडी से छेड़छाड़ करते है,उनकी Facebook ID, whatsaap ID, या अन्य इमेल आईडी को हैक कर लेते है जिससे उनकी प्राइवेट बाते या फोटो को क्षति होने की संभावना होती है तब ऐसे हैकर्स के खिलाफ भारतीय दण्ड संहिता में क्या कार्यवाही और क्या दण्ड का प्रावधान होगा जानिए।



- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 354घ एवं भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 77 (ii) की परिभाषा ??

जो कोई व्यक्ति किसी महिला के whatsaap, Facebook, ईमेल, instragram आदि आईडी की निगरानी करेगा, उन पर नजर रखेगा या उनकी मानीटरिंग करेगा तब वह व्यक्ति IPC की धारा 354घ (ii) एवं BNS की धारा 77(ii) के अंतर्गत दोषी होगा।

**भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 354घ उपधारा (il) एवं भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 77 की उपधारा (ii) के अंतर्गत दण्ड का प्रावधान ??**

1. इस धारा के अपराध संज्ञेय एवं जमानतीय होते हैं, इनकी सुनवाई किसी भी न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा की जा सकती है **सजा-** इस अपराध के लिए तीन वर्ष की कारावास और जुर्माना से दण्डित किया जा सकता है।
2. लेकिन अगर कोई व्यक्ति दुबारा यही अपराध करता एक बार दोषसिद्ध के बाद तब यह अपराध संज्ञेय एवं अजमानतीय होगा एवं सुनवाई किसी भी न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा होगी, **सजा-** इस अपराध के लिए अधिकतम पाँच वर्ष की कारावास एवं जुर्माना से दण्डित किया जाएगा।

# जबलपुर में बुलेट प्रूफ कार में सवार रहेंगे पीएम, एसपीजी की सुरक्षा में रहेगा विमानतल

**जबलपुर।** शहर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित दौरे और रोड शो से पहले एसपीजी (स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप) के जवानों ने शहर में डेरा डाल दिया है। गुरुवार को एसपीजी ने शहर के पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। डुमना विमानतल में सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। एयरपोर्ट से रोड शो के लिए प्रस्तावित स्थल तक पहुंचने के मार्ग की जानकारी ली। मौके पर जाकर जांच की। प्रधानमंत्री के आगमन के एक दिन पहले ही एसपीजी विमानतल की सुरक्षा व्यवस्था अपने नियंत्रण में ले लेगा। शहर प्रवास के दौरान पीएम एसपीजी की सुरक्षा में रहेंगे। पीएम के कारकेड में बुलेट प्रूफ वाहन भी होगा। इस वाहन में प्रधानमंत्री सवार रहेंगे।



### सात अप्रैल को आगमन

शहर में पीएम का सात अप्रैल को प्रवास होना है। इस दौरान पीएम का बड़ा फुहारा क्षेत्र में रोड शो प्रस्तावित है। सघन व्यवसायिक क्षेत्र में होने वाले रोड शो की सुरक्षा को लेकर पुलिस और प्रशासन सतर्क है। गुरुवार को स्थानीय पुलिस अधिकारियों के साथ बाहर से आया एसपीजी दल प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचा। रोड के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त की। सुरक्षा संबंधी एक-एक बिंदु का बारीकी से निरीक्षण किया। व्यवस्थाओं की समीक्षा की। पीएम के प्रवास के दौरान सुरक्षा के लिए अन्य जिले से सुरक्षा बल मंगाने पर चर्चा हुई।

### एक दिन पहले से संभाल लेंगे व्यवस्था

शहर में पहुंच चुके एसपीजी के जवान पीएम के आगमन से एक दिन पूर्व ही सुरक्षा व्यवस्था की कमान स्वयं संभाल लेंगे। पीएम के प्रवास के दौरान डुमना विमानतल पर जांच के बाद मात्र हवाई यात्रियों को ही प्रवेश दिया जाएगा। अन्य व्यक्तियों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। डुमना विमानतल से प्रधानमंत्री के काफिले को एसपीजी के जवान घेरे रहेंगे। साथ में जैमर, बम डिस्पोजल एंड डिफ्यूज स्क्वाड, डॉग स्क्वाड, एम्बुलेन्स, फायर बिग्रेड के वाहन होंगें। इसके बाद जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के वाहन काफिले में होंगे।

# मध्य प्रदेश हाईकोर्ट का आदेश, एक दर्जन से अधिक होमगार्ड्स को कॉल ऑफ देने पर रोक

**जबलपुर।** हाई कोर्ट ने एक दर्जन से अधिक होमगार्ड सैनिकों को दो माह का कॉल ऑफ देने पर अंतरिम रोक लगाते हुए उन्हें सेवा में बने रहने की अनुमति दी। गुरुवार को सुनवाई के बाद प्रशासनिक न्यायाधीश शील नागू व न्यायमूर्ति विनय सराफ की युगल पीठ ने मामले को सुनवाई के लिए स्वीकार कर पूर्व में लंबित प्रकरणों के साथ संलग्न करने के निर्देश दिए। मामले पर अगली सुनवाई आठ अप्रैल को होगी। याचिकाकर्ता छिंदवाड़ा निवासी सचिन विश्वकर्मा, बृजेश शर्मा, संतोष उइके, राजेश उइके और सीहोर निवासी मुकेश सिंह व किशोर लाल की ओर से अधिवक्ता विहाग दुबे ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ताओं को एक अप्रैल 2024 से 31 मई 2024 तक का कॉल ऑफ दिया गया है। उन्होंने बताया कि शासन ने संशोधन के जरिए एक साल में दो माह के काल आफ को बदलकर तीन साल में दो माह का काल आफ कर दिया गया। पहले एक साल में यह कॉल ऑफ दिया जाता था।



### 2010 में दायर की थी याचिका

वर्ष 2010 में होमगार्ड कर्मचारियों द्वारा हाई कोर्ट में याचिका दायर कर नियमितीकरण, आरक्षकों के समान वेतन, पूरे वर्ष कार्य प्रदान करने व अन्य लाभ देने की प्रार्थना की गई थी। वर्ष 2011 में हाई कोर्ट द्वारा आंशिक रूप से स्वीकार कर मध्य प्रदेश शासन को आदेशित किया था कि वे होमगार्ड के सेवा नियम बनाएं एवं उन्हें पूरे वर्ष कार्य पर रखा जाए। इसके बाद सरकार ने वर्ष 2016 में नियम बनाये और आदेश के विपरीत पुन: एक वर्ष में दो माह का बाध्य कॉल ऑफ का प्रावधान रख दिया।

# मार्च की छुट्टियों में इंदौर के पंजीयन विभाग ने कमाए 124 करोड़ रुपये

**इंदौर।** वित्त वर्ष 2023-24 के आखरी माह मार्च में बड़ी संख्या में दस्तावेज पंजीकृत हुए। इसी वजह से राजस्व का आंकड़ा साढ़े तीन सौ करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। मार्च माह में 12 दिन पड़ने वाली छुट्टियों पर भी पंजीयन विभाग ने रिकार्ड 124 करोड़ रुपये की कमाई की। छुट्टियों के दिनों में 8515 दस्तावेज पंजीकृत किए गए। हाल ही में समाप्त वित्तीय वर्ष 2023-24 में पंजीयन विभाग ने अब तक का सर्वाधिक राजस्व 2415 करोड़ रुपये जमा किया। इसके लिए एक लाख 75 हजार 900 दस्तावेज पंजीकृत किए गए। इसमें मार्च माह में 22177 दस्तावेज पंजीकृत कर पंजीयन विभाग ने 363 करोड़ रुपये राजस्व एकत्र किया। यह राशि पूरे वित्तीय वर्ष के 12 माह में सर्वाधिक रही। वित्तीय वर्ष 2022-23 के मार्च माह में 20900 दस्तावेज पंजीकृत कर 309 करोड़ रुपये राजस्व एकत्रित किया गया था।




### चार माह में पार किए 200 करोड़

वित्तीय वर्ष 2023-24 के चार माह में पंजीयन विभाग ने 200 करोड़ से अधिक का राजस्व एकत्र किया। विभाग ने सितंबर में 202.91 करोड़, दिसंबर में 202.94, फरवरी में 203.02, मार्च में 363 करोड़ रुपये राजस्व प्राप्त हुआ। वित्तीय वर्ष 2022-23 में यह आंकड़ा एक बार मार्च माह में ही पार हो पाया।

# ASI सर्वे के बीच आज भोजशाला में होगी नमाज सुरक्षा व्यवस्था तगड़ी, मोबाइल पर रहेगा प्रतिबंध

**धार।** धार की भोजशाला में शुक्रवार को एएसआई के सर्वे का 15वां दिन है। सर्वे टीम प्रातः 5:40 पर दाखिल हुई। शुक्रवार होने से आज मुस्लिम समाज के नमाज का दिन है, ऐसे में सर्वे की टीम नमाज के पहले भोजशाला से बाहर आ सकती है।

भोजशाला दोपहर 1:00 से 3:00 बजे के बीच में नमाज अदा की जाएगी। मोबाइल पर प्रतिबंध होने के कारण बाहरी क्षेत्र में चेकिंग के लिए विशेष तैयारी की गई है। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ाई जा रही है। शुक्रवार को विशेष रूप से केंद्रीय सुरक्षा बल के जवानों को तैनात किया गया है। माना जा रहा है कि सर्वे का कार्य दोपहर 12 बजे तक समाप्त कर लिया जाएगा। इसके बाद नमाज होगी।



उल्लेखनीय है की प्रति मंगलवार को हिंदू समाज को पूजा अर्चना की अनुमति होती है, जबकि प्रति शुक्रवार को भोजशाला में नमाज की अनुमति होती है। मप्र हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने धार भोजशाला के सर्वे के दौरान याचिकाकर्ता को उपस्थित रहने की अनुमति देने से इंकार कर दिया। याचिकाकर्ता ने अनुमति मांगते हुए आवेदन हाई कोर्ट में प्रस्तुत किया था, जिसे कोर्ट ने बुधवार को निरस्त कर दिया। अगली सुनवाई 29 अप्रैल को होगी।

# प्रदेश में मौसम ने फिर मारी पलटी, भोपाल सहित इन जिलों में तेज हवा के साथ बारिश का अलर्ट




**भोपाल।** प्रदेश का मौसम पूरी तरह शुष्क बना हुआ है। हवाओं का रुख अभी पश्चिमी है, इस वजह से तपिश बरकरार है। हालांकि हवाओं के साथ अरब सागर से कुछ नमी आने से ऊंचाई के स्तर पर बादल छा रहे हैं। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक, शुक्रवार को भी मौसम का मिजाज इसी तरह बना रह सकता है। शनिवार से प्रदेश के अधिकतर शहरों में बादल छाने के आसार हैं। सात-आठ अप्रैल को राजधानी सहित कई शहरों में वर्षा भी हो सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक, वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान के आसपास द्रोणिका के रूप में बना हुआ है। उत्तर-पूर्वी राजस्थान पर हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात भी बना है। इसके अतिरिक्त दक्षिण-पूर्वी मध्य प्रदेश से लेकर तमिलनाडु तक एक द्रोणिका बनी हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि इन मौसम प्रणालियों के अलावा अरब सागर एवं बंगाल की खाड़ी में प्रति चक्रवात भी मौजूद हैं।

# अंतर राज्य कबड्डी प्रतियोगिता में नगर देवरी की बालिकाओं ने चौथा स्थान प्राप्त किया।।

संवाददाता हल्केवीर की न्यूज़।



**देवरी।** टिमरनी में आयोजित 33 वी मध्य प्रदेश अंतर राज्य जिला सब जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता 26 मार्च से 28 मार्च 2024 तक आयोजित हुई थी जिसमें रायसेन जिले की नगर देवरी ने चौथा स्थान प्राप्त किया और मध्य प्रदेश की टीम मे अपना स्थान बनाया एवं आने वाली राष्ट्रीय स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता जो पटना बिहार मे 31 मार्च से 3 अप्रैल तक होने जा रही है, जिसमें नगर देवरी की दो बालिका प्रेरणा शर्मा पिता प्रभात शर्मा प्राचार्य आदर्श स्कूल एवं लक्ष्मी रघुवंशी पिता अनिल रघुवंशी का चयन राष्ट्रीय स्तर सब जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता मे हुआ है इस उपलब्धि के लिए कोच शुभम भाटी एवं पूरी टीम को नगर परिषद अध्यक्ष रविंद्र रघुवंशी एवं समस्त नगर वासियों ने बधाई दी ।


# कक्षा शिक्षण में विषय आधारित नवाचारों ने शिक्षण को बनाया रोचक एवं आसान

## प्रतिदिन की तारीख के अनुसार पहाड़े सीखते है बच्चे










**संभागीय ब्यूरो चीफ-हेमंत शाक्या**
**संपर्क सूत्र 6263301848**

सुल्तानपुर। नवाचार वह प्रक्रिया है जिसके अंतर्गत बच्चे खुद करके सीखते है इसमें रटने की आवश्यकता नही है । नवाचारों से बच्चों में रोचकता एव् सीखने के लिए समझ विकसित होती है । नवाचारी शिक्षक सुशील शर्मा द्वारा कक्षा शिक्षण के दौरान विषय आधारित नवाचारों के माध्यम से शिक्षण कार्य करवाया जा रहा है ।जिसमें बच्चे आसानी से विषय वस्तु से सबंधित चीजों को समझ लेते है और उनमें सीखने के प्रति जिज्ञासा उत्पन्न हो जाती है ।खेल खेल में शिक्षण को आनंदमयी बनाया गया है। यहाँ शिक्षक द्वारा प्रतिदिन तारीख के अनुसार बच्चों को पहाड़े सिखाये जाते है जिससे उन्हें संख्या पहचान करना एवं तारीख का ज्ञान ,पहले की संख्या, बाद की संख्या ,इकाई, दहाई की समझ आसानी से हल कर लेते है । निपुण भारत अभियान के दौरान शिक्षक द्वारा अनेक प्रकार के नवाचारों से बच्चों को निपुण बनाया जा रहा है । अभिभावकों द्वारा शिक्षक की प्रशंसा की जा रही है ।

# संकुल प्राचार्य की उपस्थिति में हुआ नवीन शिक्षा सत्र का शुभारंभ

## तिलक लगाकर एवं रंगोली बनाकर हुआ देश के नौनिहालों का स्वागत









**संभागीय ब्यूरो चीफ-हेमंत शाक्या**
**संपर्क सूत्र 6263301848**

सुल्तानपुर। मध्यप्रदेश शिक्षा विभाग के आदेशानुसार 1 अप्रैल 2024 को एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुल्तानपुर के प्राथमिक विभाग में नवीन शिक्षा सत्र का शुभारंभ किया गया ।इस अवसर पर संकुल प्राचार्य श्री मती आर .एस.कुमार एवं शाला प्रभारी सुशील शर्मा द्वारा बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया ।शाला को रंगोली एवं वंदनवार से सजाया गया । हर बच्चा स्कूल चले,कोई बच्चा छूटे ना ,शाला में शत प्रतिशत नामांकन हो इस हेतु शिक्षक द्वारा प्रयास किए जा रहे । संकुल प्राचार्य एवं शिक्षक द्वारा सभी बच्चों को बिस्कुट एवं टाफियाँ बाँटी गई ।एवं सभी बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय आने के लिए प्रोत्साहित किया गया ।इस अवसर पर पालकगण उपस्थित रहे ।प्रधानमंत्री पोषण आहार के अंतर्गत सभी बच्चों को खीर, पूड़ी ,सब्जी का विशेष भोजन कराया गया ।

# मोबाइल नंबर बंद करने की धमकी देने वाली कॉल के खिलाफ दूरसंचार विभाग ने जारी की एडवाइजरी

भोपाल। रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन



संचार मंत्रालय के दूरसंचार विभाग ने नागरिकों को एक सलाह जारी की है कि नागरिकों को ऐसे कॉल आ रहे हैं जिनमें दूरसंचार विभाग के नाम पर कॉल करने वाले धमकी दे रहे हैं कि उनके सभी मोबाइल नंबर काट दिए जाएंगे या उनके मोबाइल नंबर बंद कर दिए जाएंगे। कुछ अवैध गतिविधियों में इसका दुरुपयोग किया जा रहा है। दूरसंचार विभाग ने विदेशी मूल के मोबाइल नंबरों जैसे +92-×××××××××× से सरकारी अधिकारियों का रूप धारण करके लोगों को ठगने वाले व्हाट्सएप कॉल के बारे में भी सलाह जारी की है। साइबर अपराधी ऐसी कॉलों के माध्यम से साइबर-अपराध वित्तीय धोखाधड़ी को अंजाम देने के लिए धमकी देने व्यक्तिगत जानकारी चुराने की कोशिश करते हैं। दूरसंचार विभाग अपनी ओर से किसी को भी ऐसी कॉल करने के लिए अधिकृत नहीं करता है और उसने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है और ऐसी कॉल प्राप्त होने पर कोई भी जानकारी साझा नहीं करने को कहा है। एवं नागरिकों को संचार साथी पोर्टल www.sancharsathi.gov.in की चक्षु-रिपोर्ट सस्पेक्टेड फ्रॉड कम्युनिकेशंस सुविधा पर ऐसे धोखाधड़ी संचार की रिपोर्ट करने की सलाह दी है। इस तरह की सक्रिय रिपोर्टिंग से दूरसंचार विभाग को साइबर अपराध, वित्तीय धोखाधड़ी आदि के लिए दूरसंचार संसाधनों के दुरुपयोग को रोकने में मदद मिलती है। इसके अलावा, नागरिक संचार साथी पोर्टल www.sancharsathi.gov.in की नो योर मोबाइल कनेक्शन्स सुविधा पर अपने नाम पर मोबाइल कनेक्शन की जांच कर सकते हैं और किसी भी मोबाइल कनेक्शन की रिपोर्ट कर सकते हैं जो उन्होंने नहीं लिया है या जिसकी आवश्यकता नहीं है। दूरसंचार विभाग ने नागरिकों को पहले से ही साइबर अपराध या वित्तीय धोखाधड़ी के शिकार होने की स्थिति में साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 या www.cyber-crime.gov.in पर रिपोर्ट करने की सलाह दी है।

# तेज़ गति से जा रही कार अनियंत्रित होकर पलटी कार में सवार दंपती की सिर में चोट लगने से मौत कार सवार अन्य पांच लोग घायल



भोपाल । रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन

शनिवार को भोपाल से दमोह जैन तीर्थ क्षेत्र कुंडलपुर कार से जा रहा जैन परिवार सड़क हादसे का शिकार हो गया। इसमें कार में सवार पति पत्नी की सिर में गंभीर चोट लगने से मौत हो गई एवं परिवार के अन्य पांच सदस्य घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार भोपाल से प्रसिद्ध जैन तीर्थ स्थल कुंडलपुर जा रहा एक जैन परिवार दमोह देहात थाना के सरखडी गाँव के पास सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया । इस दुर्घटना में भोपाल निवासी अक्षय जैन और उनकी पत्नी सोनल जैन की इलाज के दौरान जिला चिकित्सालय में मौत हो गई जबकि उनके दो पुत्र पुत्री व दो अन्य रिश्तेदार घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक को बचाने के चक्कर में कार पलट गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची। तथा सभी घायलों को जिला अस्पताल लाया गया जहां डाक्टरों ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया । कार के चालक का कहना है कि गाड़ी करीब साठ सत्तर की स्पीड से थी इसी दौरान अचानक सामने से बाइक सवार आ गया उसे बचाने के चक्कर में कार को मोड़ने की कोशिश की तो वह अनियंत्रित होकर पलट कर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जैन समाज के लोगों ने इस घटना पर गहरा दुख जताया है पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया ।

# दस पेटी अवैध अग्रेजी शराब (बीयर) समेत एक बुलेरो गाडी जप्त शराब तस्कर को ऐशबाग पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भोपाल । रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**






**भोपाल** शहर में अवैध शराब बेचने वालो पर नियंत्रण रखने हेतु अवैध अग्रेजी शराब तस्कर आरोपी को गिरफ्तार कर 10 पेटी बीयर एंव एक बुलेरो गाडी कीमत 600000 रुपये की जप्त करने में सफलता मिली हैं। पुलिस को 31 मार्च को मुखबिर से सूचना मिली की सुभाष फाटक से प्रभात की ओर सफेद रंग की बुलेरो द्वारा अवैध शराब ले जाई जा रही है, सूचना मिलने पर सफेद रंग की बुलेरो की जाँच की गई जिसमें पाया गया की गाड़ी की बीच की तथा पीछे की सीट पर कुल 10 पेटी बीयर किंगफिशर स्ट्रांग की प्रत्येक पेटी में 12 बीयर की बोतल प्रत्येक बोतल 650 एमएल की 120 बोतल कुल 78 लीटर शराब (बीयर) जिसकी कुल कीमत 24000 रूपये थी। गाड़ी में अवैध रूप से ले जाई जा रही थी । अवैध शराब परिवहन करने वाले आरोपी का कृत्य धारा 34(2) आबकारी अधिनियम का पाया जाने से शराब (बीयर) को कार्टून में सील बंद कर व सफेद रंग की बुलेरो से विधिवत जप्त कर तथा आरोपी को गिरफ्तार किया गया तथा आरोपी के विरुद्ध अपराध आबकारी अधिनियम का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

# एक से पांच अप्रैल तक प्रथम चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम सातों विधानसभाओं के मतदानकर्मियों के लिए प्रशिक्षण शुरू

**भोपाल रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कौशलेंद्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में भोपाल के आठ जगह एक साथ प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ।लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिये जिले की पांचों विधानसभाओं के मतदानकर्मियों के लिए एक साथ दो-दो पालियों में प्रशिक्षण शुरू हुआ। यह प्रशिक्षण पांच अप्रैल तक संबंधित जनपद पंचायत के नियत स्थल पर दो-दो पालियों में संचालित होगा। लोकसभा निर्वाचन - 2024 के लिए मतदान अधिकारियों का प्रथम प्रशिक्षण सोमवार को प्रारंभ हुआ। भोपाल जिले के 8 केंद्रों पर मैनिट संस्थान, मॉडल हायर सेकेंडरी, बीएनएस कॉलेज, आईटीआई गोविंदपुरा, रविंद्र भवन, समन्वय भवन टीटी नगर भोपाल एवं राज्य पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान, भोपाल में प्रथम प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। जिसके अंतर्गत 14000 से अधिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। सोमवार को कुल 580 के लगभग पीओ, 526 पीओ, 1014 पी-1, 615 पी-2, 673 पी-3 एवं 2828 कुल अधिकारी एवं कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी गई।169 अधिकारी एवं कर्मचारी ट्रेनिंग के दौरान अनुपस्थित रहे जिसमें 53 पीओ, 50 पी-1, 37 पी-2 एवं 29 पी-3 शामिल है यह प्रशिक्षण 5 अप्रैल तक भोपाल के सभी 8 प्रशिक्षण संस्थानों में आयोजित किया जाएगा, जिसमें कुल 14761 से अधिक अधिकारी एवं कर्मचारी लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। सीईओ ऋतुराज सिंह ने प्रशिक्षण में सम्मिलित होकर प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि कर्मचारी चुनाव की प्रक्रियाओं की बारीकियों को समझें। निर्वाचन संबंधी तमाम जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्ति के उपरांत ही प्रशिक्षण हाल छोड़े। यदि कोई जानकारी समझ में नही आती है तो निःसकोच प्रश्न पूछकर उसका समाधान प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि चुनाव कार्यो में गलती नहीं होना चाहिए। चुनाव कार्य में गलती हुई तो क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि वे सम्पूर्ण प्रशिक्षण प्रक्रिया को गंभीरता से लें। ।एक से पांच अप्रैल तक प्रथम चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम में पीठासीन अधिकारी तथा मतदान दल अधिकारी क्रमांक एक, मतदान दल अधिकारी क्रमांक दो एवं मतदान दल अधिकारी तीन प्रशिक्षण में शामिल हुए। प्रशिक्षण केंद्रों पर मास्टर ट्रेनरों ने प्रशिक्षण दिया।





# छूही खदान में धंसने से एक की मौत, तीन महिलाएं घायल



**सिंगरौली।** मोरवा के झुमरिया टोला की रहने वाली चार महिलाएं अपने घर की पुताई के लिए कच्ची मिट्टी की खदान में छूही लेने गई थीं। सुरंग नुमा खदान की मिट्टी निकालने के लिए महिलाओं ने घुस कर खुदाई शुरू की। अचानक कमजोर मुलायम सुरंग भरभरा के चारों महिलाओं के ऊपर से गिर पड़ी और अंदर घुसी सभी महिलाएं दब गई। आनन फानन में घायल महिलाओं को सिंगरौली चिकित्सालय ले जाया गया जहां पर एक महिला को डॉक्टरो ने मृत घोषित कर दिया। सिंगरौली चिकित्सालय में मरचुरी की व्यवस्था न होने की वजह से सएनसीएल के चिकित्सालय में महिला के शव को रखा गया है। पुताई के लिए छूही (सफेद मिट्टी) लेने गई चार महिलाएं कच्ची मिट्टी की खदान धंसने के वजह से गंभीर रूप से घायल हो गई। घायलों को चिकित्सालय ले जाने पर एक महिला को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया वही तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। काबिले गौर है कि नवरात्रि पर्व की शुरुआत होने वाली है जिसके वजह से ग्रामीण महिलाएं घर की साफ सफाई और पुताई के लिए कच्चे सफेद मिट्टी का उपयोग ग्रामीण अंचल में करती हैं।

# प्रवर्तन निदेशालय ने अस्थाई रूप से जब्त की नवभारत प्रेस की दस करोड़ रुपये की संपत्ति

**भोपाल । रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), भोपाल ने मध्य प्रदेश के सतना और सीहोर में स्थित 10 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया है। मेसर्स नव भारत प्रेस (भोपाल) प्राइवेट लिमिटेड के मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत 30 मार्च 2024को 2.36 करोड़ पाई गई । ईडी ने मेसर्स नव भारत प्रेस (भोपाल) प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ भारतीय दंड संहिता, 1860 की विभिन्न धाराओं के तहत सीबीआई, एसपीई, बीएस और एफसी, नई दिल्ली द्वारा दायर आरोप पत्र के आधार पर जांच शुरू की। ईडी की जांच से पता चला कि मेसर्स नव भारत प्रेस (भोपाल) प्राइवेट लिमिटेड ने अपने निदेशक सुमीत माहेश्वरी और अन्य के माध्यम से वर्ष के दौरान प्रेस के आधुनिकीकरण और मशीनरी की खरीद के लिए बैंक ऑफ महाराष्ट्र, गौतम नगर शाखा, भोपाल में विभिन्न ऋण सुविधाओं का लाभ उठाया था। हालाँकि, मशीनरी की खरीद और अन्य पूंजीगत व्यय को पूरा करने के लिए जो ऋण राशि




स्वीकृत की गई थी, उसे विभिन्न कंपनियों के बैंक खातों के माध्यम से भेज दिया गया था, जो मंदीप माहेश्वरी (सुमीत के भाई) द्वारा नियंत्रित एंबी समूह की कंपनियों के कर्मचारियों के नाम पर थे । जांच के दौरान यह पाया गया कि माहेश्वरी परिवार मैसर्स नव भारत प्रेस (भोपाल) प्राइवेट लिमिटेड के मालिक ने विभिन्न कॉर्पेरिट और व्यक्तिगत देनदारियों को निपटाने के उद्देश्य से ऋण राशि का दुरुपयोग किया और इस प्रकार, वितरित ऋण का गलत उपयोग किया, जिससे धोखाधड़ी हुई। बैंक ऑफ महाराष्ट्र, गौतम नगर, भोपाल को रु. 15.67 करोड़ का ऋण खाता एनपीए हो गया। जांच के दौरान, मध्य प्रदेश के सतना और सीहोर जिले में मेसर्स नव भारत प्रेस (भोपाल) प्राइवेट लिमिटेड और माहेश्वरी परिवार के परिवार के सदस्यों के नाम पर कुल दस संपत्तियों की पहचान की गई । मध्य प्रदेश के सतना और सीहोर में स्थित इन 10 अचल संपत्तियों की कुर्क करते हुए दिनांक 30 मार्च 2024 के आदेश के तहत पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत एक अंतिम कुर्की आदेश जारी किया गया था। आगे की जांच जारी है।

# इंवेस्टिगेटिंग एजेंसियों के नाम पर डिजिटल अरेस्ट कर हो रही ठगी से रहें सावधान राज्य सायबर पुलिस ने जारी की चेतावनी

**भोपाल । रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

इंवेस्टीगेशन एजेंसियों के नाम पर डिजिटल अरेस्ट कर ठगी के संबंध में राज्य सायबर पुलिस ने एक प्रेस नोट जारी करते हुए कहा है पिछले कुछ समय से एक विशेष प्रकार के सायबर अपराधों की शिकायत देखने में आ रही है, जिसमें आम नागरिकों को किसी इंवेस्टीगेशन एजेंसी संस्था के वरिष्ठ अधिकारी के नाम से कॉल व्हाट्सएप कॉल करके बड़े पैमाने पर ठगी की जा रही है । जिसमें सायबर अपराधी कॉल अथवा व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से संपर्क करते हैं। यह कॉल अधिकांशतः +92 पाकिस्तानी नम्बर या किसी अन्य देश के नम्बर +91 के अतिरिक्त से आते हैं।संदिग्ध व्यक्ति कॉल करके आपको डराते हुये यह कहते हैं कि आपके पेन आधार कार्ड का उपयोग करके पार्सल भेजा गया है, जिसमें नार्कोटिक्स नशीली सामग्री है।जालसाज एनसीबी,सीबी आई, ईडी, एनआईए आदि इंवेस्टीगेशन एजेंसी के अधिकारी के नाम से बदल-बदल कर कभी कॉल, कभी व्हाट्सएप वीडियो कॉल करते हैं और कहते कि उन्होंने आपके नाम से एक पार्सल पकड़ा है, जिसमें नशीली सामग्री है। जालसाजों द्वारा कभी आपको कोर्ट फीस देने या जमानत देने के नाम से अथवा आपका नाम केस से हटाने के नाम पर पैसे की मांग की जाती है। कभी-कभी वीडियो कॉल पर पुलिस अधिकारी से बात करने को भी कहते हैं। वीडियो कॉल पर रहते हुये आपको एक फर्जी नोटिस दे दिया जाता है, जिसमें आपको डिजिटल अरेस्ट करते हुये घर में ही रहने को कहा जाता है। और कहा जाता है कि आप स्वयं को किसी कमरे में बंद कर लें तथा उनके सभी सवालों के जवाब दें। यह भी कहा जाता है कि कैमरे के सामने ही रहना है, कमरे में यदि कोई और आया तो आप दोनों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा। धीरे-धीरे आपको और अधिक डराया जाता है और आपकी निजी व खातों तथा विभिन्न इंवेस्टमेंट की जानकारी आपसे ले ली जाती है। अंत में यह कहकर कि शायद आपको गलत फंसा दिया गया है, आप जांच पूरी होने तक अपना पैसा आरबीआई भारत सरकार के खाते में जमा कर दें, जो जांच पूरी होने के बाद आपको लौटा दिया जायेगा। इस पूरी कार्यवाही के दौरान आपको न ही किसी से संपर्क करने का मौका दिया जाता है, न ही बाहर जाने दिया जाता है और इस प्रकार आपसे मोटी रकम जमा करा ली जाती है। इस प्रकार की गंभीर धोखाधड़ी से बचने के लिए अनजान नम्बर खासकर जो+92 से शुरु होते हों, से आने वाले कॉल, व्हाट्सएप कॉल वीडियो कॉल, टेलीग्राम कॉल न उठाएं। भारतीय कानून में डिजिटल अरेस्ट का कोई नियम नहीं है। अतः किसी के कहने पर या डर से खुद को कहीं बंद न करें। अपनी निजी जानकारी जैसे बैंक खाते संबंधी, आधार आदि को किसी के साथ साझा न करें। कोई भी संस्था आपसे आपका निजी पैसा किसी भी शासकीय खाते में जमा करने या सुरक्षित करने की सलाह नहीं देता। अतः कभी भी अपना पैसा किसी अनजान खाते में ट्रांसफर न करें। यदि आपके साथ कोई सायबर अपराध घटित होता है तो उसकी शिकायत अपने नजदीकी पुलिस थाने में या www.cyber-crime.gov.in या सायबर क्राइम हेल्प लाइन टोल फ्री नम्बर 1930 पर करें।




# इंदौर में पढ़ने वाली बहनों से करूंगा शादी, फरहान बोला- हमारे धर्म में दो ज्यादा शादी जायज

**नरसिंहपुर।** नरसिंहपुर जिले में एक मुस्लिम युवक शहर की रहने वाली और इंदौर में पढ़ने वाली दो सगी हिंदु बहनों को शादी करने के लिए दबाव बना रहा था। लगातार मुस्लिम युवक से प्रताड़ित बहनों का सब्र टूटा तो वे सीधे इंदौर के भंवरकुंआ थाना पुलिस के पास पहुंची और युवक के खिलाफ अपनी शिकायत दर्ज कराई है। दोनों बहनों ने पुलिस को बताया, कि उनके ही नरसिंहपुर स्थित शांति नगर ग्राम नकटुआ निवासी फरहान पिता इरफान खान लगातार दोनों को शादी के लिए परेशान कर रहा है। हाल ही में सड़क पर उनका विवाद हो गया था। विवाद के दौरान फरहान ने कहा कि तेरी छोटी बहन से तो शादी करूंगा और तुझे भी पत्नी बनाकर रख लूंगा। हमारे धर्म में यह सब जायज है। शादी करने के लिए मुस्लिम युवक द्वारा लगातार हिंदू लड़कियों पर दबाव बनाया जा रहा था, युवक का कहना था, कि मेरे पास तेरी छोटी बहन के अश्लील फोटो हैं। इन्हें इंटरनेट मीडिया पर डाल दूंगा तो तेरी बहन कहीं भी मुंह दिखाने लायक नहीं रहेगी। भंवरकुंआ थाना पुलिस ने बताया कि 24 साल की युवती ने मामला दर्ज कराया है। दोनों बहनें इंदौर में पढ़ाई करती हैं। छोटी बहन के साथ नरसिंहपुर का ही फरहान भी पढ़ता था। वह बहन को परेशान कर रहा है। बड़ी बहन ने जब उससे दूर रहने के लिए कहा, तो सड़क पर विवाद करने लगा, उसी दौरान उसने यह बात कही। उसने कहा कि तेरी छोटी बहन से तो शादी करूंगा और तुझे भी पत्नी बनाकर रख लूंगा। हमारे धर्म में यह सब जायज है। बताते हैं, कि फरहान लगातार युवतियों को परेशान कर उन पर शादी करने का दबाव बना रहा था, वही जब उन्होंने उसे डांटा फटकारा तो उसका गुस्सा सातवें आसमान पर आ गया और वह रोजाना ही इन लड़कियों को परेशान करने लगा था, सड़क चलते वह लड़कियों को अश्लील टिप्पणियां कर उन्हे वीडियो वायरल करने की धमकियां देने लगा था। युवक द्वारा लगातार परेशान होने के बाद दोनों बहनों ने हिंदू संगठन की मदद से पुलिस थाने पहुंचकर उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस फरहान की तलाश कर रही है। जानकार बताते है, कि फरहान और दोनों लड़कियां नरसिंहपुर स्थित केंद्रीय विद्यालय में एक साथ पढ़ाई कर रहे थे, तब भी फरहान छोटी बहन से शादी करने की बात किया करता था, जिसे युवती ने अनदेखा कर दिया था। वहीं जब दोनों बहनें इंदौर पढ़ने के लिए पहुंची तो इरफान भी उनके पीछे इंदौर पहुंच गया और युवतियों पर शादी करने का दबाव बनाने लगा।



# सबको साथ लेकर चलना सेवानिवृत्त अपर कलेक्टर की पहचान- कलेक्टर

- सभी के सहयोग से परिवार की तरह हुआ महसूस- अपर कलेक्टर
- सेवा निवृत्त पर अपर कलेक्टर को दी गई भावभीनी विदाई




**कैलाश कुमार - सह संपादक**
**शहडोल से गंगाधर चौधरी**

शहडोल 31 मार्च 2024- कलेक्टर श्री तरूण भटनागर ने कहा है कि सेवा निवृत्त हो रहे अपर कलेक्टर की पहचान रही है कि वे छोटे से छोटे अधिकारी एवं कर्मचारियों को अपने साथ लेकर चले है, साथ लेकर चलने से प्रशासिनक अधिकारियों एवं कर्मचारियों में आत्मविश्वास पैदा होता है। उन्होंने कहा कि समय के साथ अच्छे, सरल, कर्मठ अधिकारी की एक छवि बनती है। उन्होंने कहा कि सेवा निवृत्व हो रहे अपर कलेक्टर विधानसभा एवं अब तक कार्यों को बरीकियों के साथ किया। उक्त उद्गार कलेक्टर श्री तरूण भटनागर ने कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में आयोजित सेवा निवृत्व अपर कलेक्टर श्री रोमोनुस टोप्पों के विदाई समारोह में व्यक्त किये। विदाई समारोह को सम्बोंधित करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री राजेश जैन ने कहा कि अपर कलेक्टर एक साधारण, सरल हृदय के व्यक्ति है, अच्छे व्यक्ति का कभी रिटायरमेंट नही होता हमेशा कार्य करते है। उन्होंने कहा कि अपर कलेक्टर शहडोल जिले के अलावा कटनी, बुरहानपुर जैसे अन्य जिलों में भी अपनी सेवाएं प्रदान की है तथा अपने शासकीय कार्यों को विपरीत परिस्थितियों में भी गंभीरता के किया है।विदाई समारोह को सम्बोंधित करते हुए अपर कलेक्टर श्री रोमोनुस टोप्पो ने कहा कि मै 2023 में शहडोल जिले के अपर कलेक्टर के पद पर आया, मुझे शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ऐसा सहयोग मिला जैसे परिवार में मिलती है, मुझे यहां आकर परिवार की तरह महसूस हुआ है। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग के अपने दायित्वों का सफल निर्वहन किया। विदाई में समारोह के अवसर पर कलेक्टर श्री तरूण भटनागर, मुख्य कार्यपालन अधिकारीजिला पंचायत श्री राजेश जैन सहित अन्य अधिकारियों ने सेवा निवृत्त अपर कलेक्टर श्री रोमोनुस टोप्पों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अमृता गर्ग, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती एंटोनिया एक्का, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती प्रगति वर्मा, श्री नरेंद्र सिंह धुर्वे, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री आनंद राय सिन्हा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थें। कार्यक्रम का संचालन जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री विवेक पाण्डेय ने किया।

# लोको पायलट महिला का फांसी के फंदे में लटकता मिला शव, कोतवाली पुलिस कर रही मामले की जांच

**संवाददाता -राजू राय**

शहडोल। महिला लोको पायलट ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली , घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के किरण टॉकीज के समीप की है। कोतवाली थाना प्रभारी राघवेंद्र तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि लोको पायलट सुश्री आरती उम्र 33 वर्ष का शव शनिवार की दोपहर फांसी के फंदे में लटकता हुआ उनके मकान में मिला है। स्थानीय लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी है। पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुड़ गई है। जानकारी के अनुसार आरती लोको पायलट के पद पर शहडोल में 8 सालों से पदस्थ थी। और वह एक किराए के मकान में किरण टॉकीज के समीप रहा करती थी ,सुबह से उनका दरवाजा बंद था और काफी देर तक न खोलने से पड़ोस में रह रहे लोगों को कुछ शंका हुई। जिसके बाद काफी आवाज देने के बाद भी आरती ने जब दरवाजा नहीं खोला तो लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों के सामने दरवाजे को जब तोड़ा गया तो फांसी के फंदे में लोको पायलट आरती का शव उनके घर के भीतर मिला है। पुलिस का कहना है कि शव को अपने कब्जे में लेकर कार्यवाही की जा रही है। आरती झांसी की रहने वाली है मामले की जानकारी उनके परिजनों को दी गई है। आरती यहां अकेले ही रहा करती थी, परिजन जब पहुंचेंगे तो पीएम की कार्यवाही की जावेगी। फिलहाल मामले पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है लोको पायलट ने किन कारणों से फांसी लगाई है पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों पर आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएगी

**डिंडौरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विकास मिश्रा ने निर्वाचन आयोग द्वारा दिव्यांग व्यक्तियोंपी.डब्ल्यू.डी.को सुगम मतदान अंतर्गत मतदान केन्द्र पर आवश्यक सुविधाएँ प्रदाय किये जाने में लिए जारी निर्देश के सन्दर्भ में आदेश जारी किये हैं। जारी आदेश अनुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 में ऐसे मतदान केन्द्रों का चयन करने के निर्देश दिए गए हैं जहां दिव्यांग व्यक्त्तियों को सुगमता से मतदान करने के लिए विशेष व्यवस्थायें करने की आवश्यकता हों। साथ ही निर्देशित किया है कि मतदान केन्द्रों में स्वयं सेवा संस्थाओं तथा अन्य इच्छुक व्यक्तियों के सहयोग से मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर तथा वॉकर की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। इसके लिए मतदान केन्द्रबार ग्राम पंचायत/जनपद पंचायत/नगरीय निकायों की कार्य योजना तैयार की जाए। चुनाव आयोग के सामान्य निर्देशों के अध्याधीन दृष्टिबाधित दिव्यांगों को मतदान केन्द्र तक ले जाने की व्यवस्था स्वयंसेवी व्यक्त्तियों के माध्यम से की जाती है। वृद्धजन, दिव्यांगजन मतदाता हेतु मतदान दिवस पर आवागमन व्यवस्था के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट के माध्यम से मुफ्त पास की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। ऐसे मतदान केन्द्र जहां रेम्प नहीं है वहां स्थाई रेम्प की व्यवस्था की जाये चुनाव आयोग निर्देश है कि समस्त मतदान केन्द्रों पर यथा संभव स्थाई रैंप बनवाये जाएं। वृद्धजन एवं दिव्यांगजन की सुगमता हेतु पृथक से पंक्ति लगवाने के निर्देश दिए है। दिव्यांगजन की सहायता के लिए सक्षम एप्प का प्रचार प्रसार किया जाए, जिससे दिव्यांगजन एवं वृद्धजन अपनी व्हीलचेयर मांग हेतु आवेदन कर सकते हैं। प्रत्येक पोलिंग बूथ पर वृद्धजन एवं दिव्यांगजन मतदाता हेतु सुगम टायलेट पीने का पानी की व्यवस्था, धूप से बचने हेतु शेड, मेडिकल किट की व्यवस्था सुनिश्चित की जायें। वृद्धजन मतदाता जिनकी उम्र 85 वर्ष से अधिक हो उन्हें फार्म 12 डी के अंतर्गत होम वोटिंग पोस्टल बैलेट की उपलब्धता समय रहते चिन्हांकित कर की जाए। उक्त आदेश मतदाताओं के लिए मतदान केंद्र तक सुलभ पहुंच सुनिश्चित करने हेतु जारी किया गया हैं।

# लोकतंत्र में वोट का सर्वाधिक महत्व- कमिश्नर

## कमिश्नर ने मतदान करने मतदाताओं से की अपील



गंगाधर चौधरी

शहडोल 04 अप्रैल 2024- कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएम जामोद ने शहडोल संभाग के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि हमारा देश भारत एक लोकतांत्रिक देश है और लोकतंत्र में वोट का सर्वाधिक महत्व है, भारतीय संविधान में भारतीय नागरिकों को जो वोट का अधिकार दिया गया है उससे प्रत्येक नागरिक जो मतदाता है अपने मनपंसद उम्मीदवार का चयन कर सकता है, अपने प्रतिनिधि का चुनाव कर सकते है और उसी के आधार पर हमारी लोकप्रिय सरकार बनती है। उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि आगामी 19 अप्रैल को शत-प्रतिशत मतदाता मतदान केंद्र पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग करे।

## माईक्रो ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण संपन्न

डिंडौरी। लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विकास मिश्रा की उपस्थिति में शासकीय कन्या शाला परिसर डिंडौरी में माईक्रो ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। माईक्रो ऑब्जर्वरों का यह प्रशिक्षण शासकीय चंद्रविजय कॉलेज के प्रोफेसर जे.आर. झारिया और व्याख्याता शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय श्री रजनीकांत शुक्ला द्वारा दी गई। जिसमें प्रशिक्षकों ने उपस्थित माईक्रो ऑब्जर्वरों को ईव्हीएम, व्हीव्हीपीएटी, मॉक पोल, अमिट स्याही, की तकनीकी जानकारी दी गई। माईक्रो ऑब्जर्वरों को माक पोल व मतदान दिवस के दौरान उनके दायित्वों से अवगत कराया गया। साथ ही ईव्हीएम व व्हीव्हीपीएटी को जोड़ने के दौरान होने वाली तकनीकी परेशानियों की बारीकी से जानकारी दी गई। यह निर्देश दिए गए कि मतदान के दौरान सूक्ष्मता से निगरानी रखें। कलेक्टर मिश्रा ने आचार संहिता का पूर्णतः पालन करने और किसी की व्यक्तिगत भावनाओं को सोशल मीडिया में प्रसारित न करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मतदान में अपनी भूमिका को स्पष्ट रखें। ईव्हीएम का संचालन करना प्रत्येक जिम्मेदार व्यक्ति को आना चाहिए। ईव्हीएम संचालन और अन्य तकनीकी पहलुओं पर सजगता से कार्य करें। निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही करने पर संबंधित के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। सभी संयमित एवं सजगता के साथ निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराएं। कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में दबाब व तनाव लेकर कार्य न करें। माईक्रो ऑब्जर्वर के लिए प्रदत्त नियमों अक्षरसः पालन करें। उन्होंने कहा कि बीएलओ के समन्वय से तनावमुक्त होकर निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन सम्पन्न कराना ही हमारी प्राथमिकता ।





**जले हुए राख नही, ये अमर दीप हैं,**
**जो मिट गया समाज के लिए, ये वो शहीद हैं।।**

**2 अप्रैल 2018, एससी एसटी एक्ट के आंदोलन में समाज के हक और अधिकार व मान स्वाभिमान के लिए शहीद हुए सभी समाज के वीर सपूतों को विनम्र श्रद्धांजलि।**

# डां.अम्बेडकर जयंती समारोह पनागर में शहीद सुपौत् मूलचन्द मेधोनिया को अतिथि बतोर आमंत्रित किया

## आयोजन के माध्यम से समाज द्वारा वीर शहीद मनीराम जी के सम्मान की आवाज उठेगी

**पनागर (गाडरवारा)** जिला नरसिंहपुर सामाजिक परिवर्तन युवा संगठन के तत्वाधान में भारतीय संविधान के निर्माता परम पूज्य बाबा साहेब डां. अम्बेडकर जी की जयंती का आयोजन किया जा रहा है. जिस आयोजन में अनुसूचित जाति और सामाजिक नागरिकों की बड़ी संख्या में कार्यक्रम किया जा रहा है, जिसमें जिला नरसिंहपुर के नगर चीचली तहसील गाडरवारा के सन् 1942 की आजादी में महान योगदान देने वाले और महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के तौर पर सामाजिक बेगारी व गुलामी का विरोध करने वाले बहुजन समाज के वीर सपूत मनीराम अहिरवार जी थे, जिन्हें अभी तक की सरकारों ने नजर अंदाज कर हमारे महापुरुष का अपमान किया है, जबकि वीर शहीद मनीराम अहिरवार जी ने अंग्रेजी सेना से युद्ध लडा और चीचली के गौड़वाना राजा के राजमहल की रक्षार्थ अपनी जान की बाजी लगा कर अंग्रेजी सेना को लहूलुहान कर गांव से खदेड़ कर विजय श्री प्राप्त कर सामाजिक गौरव व मान सम्मान बढाने वाले महान शूरवीर थे. शहीद मनीराम अहिरवार जी के सुपौत श्री मूलचन्द मेधोनिया जी जिला की समाज के गौरव है जो की वीर मनीराम अहिरवार जी के परिवार के है तथा वरिष्ठ पत्रकार होते हुए समाज आंदोलन व सभी के सुख दुख में हमेशा खड़े होकर समाज की भलाई के लिए हमेशा कार्यरत है, जिन्हें पनागर तहसील गाडरवारा जिला नरसिंहपुर में आयोजित 14 अप्रैल 2024 को




जयंती में आयोजन समिति के अध्यक्ष श्री राकेश चौधरी जी ने श्री मूलचन्द मेधोनिया जी को कार्यक्रम में अतिथि के रुप में आमंत्रित किया है, आयोजन समिति के द्वारा बताया गया है कि इस आयोजन के माध्यम से हमारे महापुरुष जिन्होंने देश की आजादी में महान योगदान देकर काम किया है जिनके जन्म स्थान पर आज तक की सरकारों ने आदमकद मूर्ति, स्मारक, भवन और न पार्क बनाया है, जो की समाज इस आयोजन के माध्यम से मांग करेगी और शहीद मनीराम अहिरवार जी के सुपौत् श्री मूलचन्द मेधोनिया जी जो कि निरंतर सामाजिक उत्थान में कार्यरत जिन्हें कार्यक्रम में सम्मानित किया जायेगा, गौरतलब हो की मध्यप्रदेश के अनुसूचित जाति वर्ग के बड़े संगठनों में अखिल भारतीय अनुसूचित जाति परिसंघ, अखिल भारतीय रविदसिया धर्म संगठन , श्री संत रविदास सेवा संगठन मध्यप्रदेश एवं अहिरवार समाज संघ मध्यप्रदेश के वरिष्ठ संगठनों के माध्यम से वीर मनीराम अहिरवार जी को राष्ट्रीय शहीद का दर्जा दिलाने, जन्म स्थान पर भव्य स्मारक, भवन, मूर्ति लगाने की पहल कर उनके पौता श्री मूलचन्द मेधोनिया जी का सम्मानित कर पुरजोर मांग की जा रही है, नरसिंहपुर सामाजिक परिवर्तन युवा संगठन के माध्यम से भी देश और प्रदेश की सरकार से मांग की जायेगी की हमारे महापुरुषों की अनदेखी और उपेक्षा न की जाये. हमारा समाज अब जागरूक है व हम भी अपने समाज में जन्में महान क्रांतिकारी व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का सम्मान चाहते है जिन्होंने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर देश व मातृभूमि के खातिर कुर्बानी दी है,.

## अंतिम युद्ध

अत्याचार से मुक्ति
की राह,
क्या हम सबमें है
ऐसी चाह,
अन्यायो को सहने की
हमने आदत बना ली है
खुनी दरिंदों को सदियों से
अपने लहु की गंध सुंघा दी है,
भविष्य की अपनी हमने
नही की परवाह
अत्याचार से मुक्ति
की राह
क्या हम सबमें है
ऐसी चाह
देश के सभी शोषित
जमात
उत्पीड़न का विरोध
एक साथ
क्यो नही करते ?
मरते हैं बारी- बारी
उत्पीडक को मारने
का प्रयास
क्यो नही करते ?
अन्याय करने वाले
से ज्यादा बुरा
अन्याय सहने वाले
होते हैं,
अत्याचार को मिटाने का
प्रयास
क्यो नही करते ?
अत्याचार सह कर
मरने से अच्छा है
अन्यायी को मारकर
कर लो गुनाह
अत्याचार से मुक्ति
की राह
क्या हम सबमें है
ऐसी चाह,
जिस दिन शोषण करने वाले
दिन दहाड़े मारे जायेंगे
उस दिन से ही
अत्याचार पर लगाम
लग जायेंगे
अन्याय करने वाले
थर- थर थर्रायेंगे
क्रांति हर घर से
पैदा होगी,
यही है विचार क्रांति
की सलाह
अत्याचार से मुक्ति
की राह
क्या हम सबमें है
ऐसी चाह ?
एक पीढ़ी के मिट
जाने से
भावी पीढ़ी गर
राज करें
तब तों साथी
कल करें सो आज करें
शोषणकर्ताओ पर
खुलकर वार करें
हम कुर्बान हो जाये
यह हमें मंजूर है
हमारी गलतियों के कारण
ही दिल्ली दुर है
सामंती हमें अहिंसा का
पाठ पढाते है
हिंसा हम पर ही आजमाते हैं
देश के वंचित समाज
हिंसा से घबराते हैं
15त्न को मिटाने
30त्न भी अगर लगाते हैं
तब भी बहुजन
55त्न बच जाते हैं
तिल- तिल मरने
से अच्छा है
एक बार ही मर जाये
भावी पीढ़ी को क्यो ना
संपुर्ण आजादी दे जायें
एक अंतिम युद्ध हों
एक अंतिम युद्ध हों,,

**हरीश पांडल**
**विचार क्रांति**

## ईद हैम्पर के संग आओ मनाएं मतदान पर्व

डिंडौरी। जिले में 85 प्रतिशत मतदान लक्ष्य की प्राप्ति के लिए स्वीप प्लान के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विकास मिश्रा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रेसवार्ता का आयोजन किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विकास मिश्रा ने बताया कि लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढाने के लिए ईद के पर्व पर ईद हैंपर की पहल की है। कलेक्टर सर ने मतदाता केन्द्रित अप्रोज पर कार्य करने हेतु ईद हैंपर पर जोर दिया है। कलेक्टर सर ने बताया कि सामाजिक पर्व मतदाता जागरूकता बढ़ाने का उचित माध्यम होते है, इसी परिप्रेक्ष्य में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने ईद के अवसर पर ईद हेम्पर तैयार किया है। जिसमें ईद से संबंधित उपहार जैसे सेंवैया, खजूर, लड्डू आदि आवश्यक सामग्री शामिल हैं। आंनदम दीदी कैफे से ईद हैम्पर की प्राप्ति की जा सकेगी। ईद पर सभी मतदाताओं को जागरूक करने के लिए ईद हैम्पर के माध्यम से ''सारे काम छोड दो, सबसे पहले वोट दो'' का संदेश दिया जा रहा है।

## मतदान करें और आकर्षक छूट का लाभ उठायें

डिंडौरी। जिले में स्वीप गतिविधि के तहत विशेष पहल के रूप में लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल 2024 को मतदान करने पर डिंडोरी मुख्यालय में स्थित मंगलम होम एप्लाईसेंस के द्वारा मतदाता ग्राहकों को आकर्षक छूट दी जा रही है। कलेक्टर श्री विकास मिश्रा ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि मतदान करने के पश्चात स्याही लगी ऊँगली दिखाने पर मंगलम होम एप्लाईसेंस द्वारा दो साड़ी की खरीदी पर उसी कीमत पर 1 साड़ी फ्री, दो जोड़ी शर्ट-पेंट कपड़े की खरीदी पर उसी कीमत पर 1 जोड़ी शर्ट-पेंट कपड़ा फ्री दी जाएगी।

## लोकसभा निर्वाचन 2024 प्रशिक्षण में नवाचार

डिंडौरी। लोकसभा निर्वाचन-2024 के द्वितीय मतदान दल के द्वितीय प्रशिक्षण केन्द्र मेकलसुता कॉलेज, मदर टेरेसा हायर सेकंडरी स्कूल और डाइट केंद्र में चल रहा है। जिसमें वीडियो फिल्म के माध्यम निर्वाचन संबंधी सभी गतिविधियों को सिखाया जा रहा है। 22 मिनिट की प्रशिक्षण फिल्म में मतदान सामग्री प्राप्त करने से लेकर मतदान दिवस एवं मतदान के बाद की समस्त गतिविधियों को चित्रात्मक रूप से दिखाकर समझाते हुए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिससे मतदान प्रक्रिया को सुगमता से सम्पन्न कर सकें। इस फिल्म के निर्माता, निर्देशक एवं पटकथा लेखक मास्टर ट्रेनर बंशबहोर द्विवेदी एवं अमिता शर्मा हैं। जिन्होंने प्रायोगिक प्रशिक्षण के दृष्टिकोण से फिल्म निर्माण किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विकास मिश्रा, मास्टर ट्रेनर आर के शुक्ला, डॉ. जे. आर. झारिया, एस. के. द्विवेदी, डॉ. आर.के. गौतम के मार्गदर्शन में इस फिल्म का निर्माण किया है। इस फिल्म के कलाकार उपासन चौबे, नीतू सिंह रघुवंशी, पुरूषोत्तम कुशराम, वीरेन्द्र पटेल, प्रमोद बर्मन, रोहित बसेस हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विकास मिश्रा ने निरीक्षण के दौरान बंश बहोर द्विवेदी को मेकलसुता कॉलेज में एवं डाइट प्रशिक्षण केन्द्र में अमिता शर्मा को सम्मानित किया और प्रशिक्षण के दौरान उनके नवाचार की सराहना की।

## अस्पताल परिसर में निमार्णाधीन कार्यों का निरीक्षण

डिंडौरी। आज 03 अप्रेल को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विकास मिश्रा ने जिला चिकित्सालय डिण्डौरी परिसर में 33 के.व्ही. डेडीकेटेड फीडर, ट्रॉसफार्मर एवं एच.टी. लाईन सबस्टेशन स्थापित किये जाने हेतु निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री रमेश मरावी, मुख्य नगर परिषद अधिकारी श्री सतेन्द्र शालवार, जिला आयुष अधिकारी श्री संतोष परस्ते, जिला जनसंपर्क प्रभारी अधिकारी श्री चेतराम अहिरवार, कार्यपालन यंत्री एम.पी.ई.बी. श्री राकेश बघेल, लोक निर्माण विभाग विद्युत एवं यांत्रिकी श्रीमती सरस्वती धुर्वे, उपयंत्री एन.एच.एम.सुश्री सुरूचि पराते, उपस्थित रहे। जिला चिकित्सालय डिंडौरी में स्वास्थ्य सेवाओं के सुचारू संचालन के लिए अस्पताल परिसर में एच.टी. लाईन सबस्टेशन, पोस्ट मार्टम कक्ष एवं जैव अविशिष्ट केन्द्र स्थापित किये जाने के लिए प्रचलित निर्माण कार्य का जायजा लिया। जैव अविशिष्ट संग्रहण केन्द्र के समीप पानी के टंकी को मरम्मत, अस्पताल परिसर में साफ-सफाई एवं निर्माणाधीन भवन के पड़े कच्चे सामग्री को उचित स्थान प्रबंधित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री विकास मिश्रा ने चिकित्सालय परिसर में स्थित सीटी स्कैन कक्ष का निरीक्षण एवं रोगियों जांच रजिस्टर का अवलोकन किया और रि यूकार्ड को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए।

## ईद हैम्पर के संग आओ मनाएं मतदान पर्व

डिंडौरी। जिले में 85 प्रतिशत मतदान लक्ष्य की प्राप्ति के लिए स्वीप प्लान के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विकास मिश्रा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रेसवार्ता का आयोजन किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विकास मिश्रा ने बताया कि लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढाने के लिए ईद के पर्व पर ईद हैंपर की पहल की है। कलेक्टर सर ने मतदाता केन्द्रित अप्रोज पर कार्य करने हेतु ईद हैंपर पर जोर दिया है। कलेक्टर सर ने बताया कि सामाजिक पर्व मतदाता जागरूकता बढ़ाने का उचित माध्यम होते है, इसी परिप्रेक्ष्य में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने ईद के अवसर पर ईद हेम्पर तैयार किया है। जिसमें ईद से संबंधित उपहार जैसे सेंवैया, खजूर, लड्डू आदि आवश्यक सामग्री शामिल हैं। आंनदम दीदी कैफे से ईद हैम्पर की प्राप्ति की जा सकेगी। ईद पर सभी मतदाताओं को जागरूक करने के लिए ईद हैम्पर के माध्यम से ''सारे काम छोड दो, सबसे पहले वोट दो'' का संदेश दिया जा रहा है।

## मतदान करें और आकर्षक छूट का लाभ उठायें

डिंडौरी। जिले में स्वीप गतिविधि के तहत विशेष पहल के रूप में लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल 2024 को मतदान करने पर डिंडोरी मुख्यालय में स्थित मंगलम होम एप्लाईसेंस के द्वारा मतदाता ग्राहकों को आकर्षक छूट दी जा रही है। कलेक्टर विकास मिश्रा ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि मतदान करने के पश्चात स्याही लगी ऊँगली दिखाने पर मंगलम होम एप्लाईसेंस द्वारा दो साड़ी की खरीदी पर उसी कीमत पर 1 साड़ी फ्री, दो जोड़ी शर्ट-पेंट कपड़े की खरीदी पर उसी कीमत पर 1 जोड़ी शर्ट-पेंट कपड़ा फ्री दी जाएगी।

## लोकसभा निर्वाचन प्रशिक्षण में नवाचार

**डिंडौरी।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के द्वितीय मतदान दल के द्वितीय प्रशिक्षण केन्द्र मेकलसुता कॉलेज, मदर टेरेसा हायर सेकंडरी स्कूल और डाइट केंद्र में चल रहा है। जिसमें वीडियो फिल्म के माध्यम निर्वाचन संबंधी सभी गतिविधियों को सिखाया जा रहा है। 22 मिनिट की प्रशिक्षण फिल्म में मतदान सामग्री प्राप्त करने से लेकर मतदान दिवस एवं मतदान के बाद की समस्त गतिविधियों को चित्रात्मक रूप से दिखाकर समझाते हुए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिससे मतदान प्रक्रिया को सुगमता से सम्पन्न कर सकें। इस फिल्म के निर्माता, निर्देशक एवं पटकथा लेखक मास्टर ट्रेनर बंशबहोर द्विवेदी एवं अमिता शर्मा हैं। जिन्होंने प्रायोगिक प्रशिक्षण के दृष्टिकोण से फिल्म निर्माण किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विकास मिश्रा, मास्टर ट्रेनर आर के शुक्ला, डॉ. जे. आर. झारिया, एस. के. द्विवेदी, डॉ. आर.के. गौतम के मार्गदर्शन में इस फिल्म का निर्माण किया है। इस फिल्म के कलाकार उपासन चौबे, नीतू सिंह रघुवंशी, पुरूषोत्तम कुशराम, वीरेन्द्र पटेल, प्रमोद बर्मन, रोहित बसेस हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विकास मिश्रा ने निरीक्षण के दौरान बंश बहोर द्विवेदी को मेकलसुता कॉलेज में एवं डाइट प्रशिक्षण केन्द्र में अमिता शर्मा को सम्मानित किया और प्रशिक्षण के दौरान उनके नवाचार की सराहना की।

## अस्पताल परिसर में निमार्णाधीन कार्यों का निरीक्षण

डिंडौरी। अप्रेल को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विकास मिश्रा ने जिला चिकित्सालय डिण्डौरी परिसर में 33 के.व्ही. डेडीकेटेड फीडर, ट्रॉसफार्मर एवं एच.टी. लाईन सबस्टेशन स्थापित किये जाने हेतु निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री रमेश मरावी, मुख्य नगर परिषद अधिकारी श्री सतेन्द्र शालवार, जिला आयुष अधिकारी श्री संतोष परस्ते, जिला जनसंपर्क प्रभारी अधिकारी श्री चेतराम अहिरवार, कार्यपालन यंत्री एम.पी.ई.बी. श्री राकेश बघेल, लोक निर्माण विभाग विद्युत एवं यांत्रिकी श्रीमती सरस्वती धुर्वे, उपयंत्री एन.एच.एम.सुश्री सुरूचि पराते, उपस्थित रहे। जिला चिकित्सालय डिंडौरी में स्वास्थ्य सेवाओं के सुचारू संचालन के लिए अस्पताल परिसर में एच.टी. लाईन सबस्टेशन, पोस्ट मार्टम कक्ष एवं जैव अविशिष्ट केन्द्र स्थापित किये जाने के लिए प्रचलित निर्माण कार्य का जायजा लिया। जैव अविशिष्ट संग्रहण केन्द्र के समीप पानी के टंकी को मरम्मत, अस्पताल परिसर में साफ-सफाई एवं निर्माणाधीन भवन के पड़े कच्चे सामग्री को उचित स्थान प्रबंधित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री विकास मिश्रा ने चिकित्सालय परिसर में स्थित सीटी स्कैन कक्ष का निरीक्षण एवं रोगियों जांच रजिस्टर का अवलोकन किया और रिकार्ड को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए।

# निःशुल्क जनता क्लासेस के 50-60 छात्र-छात्राओ को रॉय परिवार के द्वारा स्कूल बैग दान

02 अप्रैल 2024 बुद्धवार को बुद्धभूमि महाविहार मोनेस्ट्री, चुनाभट्टी भोपाल में दिवंगत पारुलबाला रॉय की पावन स्मृति में पुत्र आयु भोलानाथ रॉय, पुत्र आयु परेश नाथ रॉय, आयुष्मति श्राबंती रॉय, चुनाभट्टी निवासी द्वारा विभिन्न जाति,धर्म के अभावग्रस्त बच्चों को उच्चस्तरीय रोजगारमुखी शिक्षा प्रदान करने का एक अभियान निःशुल्क- जनता क्लासेस के कक्षा 01 से



कक्षा 07वीं तक के सभी वर्ग के 50 से 60 होनहार छात्र-छात्राओ को निशुल्क स्कूल बैग (स्कूल बस्ते) , किताब पेन धम्मदान किया इस अवसर पर भंते शाक्यपुत्र सागर थेरो ने पुण्यनुमोदन कर आर्शीवाद प्रदान किया और जनता क्लासेज के 100 बच्चों के लिए बैग दान करने के लिए रॉय परिवार को साधुवाद.. इस अवसर पर भंते राहुलपुत्र, भंते सुमेधतपुत्र, वंदना मुलताइकर, संघामित्रा भालेराव विशेष रूप से उपस्थित थे ।

# इजरायली बमबारी से 212 विद्यालय प्रभावित: संरा

**रिपोर्ट**

- **संघर्ष शुरू होने के बाद से कम से कम 53 स्कूल पूरी तरह से नष्ट हो गए हैं...**
- **86.2 प्रतिशत स्कूल भवन क्षतिग्रस्त हुए हैं...**

संयुक्त राष्ट्र,एजेंसी



संयुक्त राष्ट्र के सहयोग से बुधवार को जारी किए गए विश्लेषण के अनुसार, इजरायल की ओर से गाजा में किए गए बमबारी के कारण एन्क्लेव के 212 विद्यालयों पर ‘सीधा प्रभाव’ पड़ा है।

उपग्रह चित्रों से पता चला है कि गत सात अक्टूबर को संघर्ष शुरू होने के बाद से कम से कम 53 स्कूल पूरी तरह से नष्ट हो गए हैं। साथ ही इस साल फरवरी के मध्य से स्कूल सुविधाओं पर हमलों में लगभग नौ प्रतिशत की वृद्धि हुई है। य बात संरा बाल कोष (यूनिसेफ), एजुकेशन क्लस्टर, और सेव द चिल्ड्रेन की रिपोर्ट में कही गयी है।

रिपोर्ट के लेखकों ने कहा, स्कूल सुविधाओं पर हमलों की उच्च प्रवृत्ति ने गाजा में पहले से ही गंभीर मानवीय स्थिति को और खराब कर दिया है।गाजा पट्टी के अधिकांश हिस्सों में हवा, जमीन और समुद्र से तीव्र इजरायली बमबारी के बीच डेटा इंगित करता है कि दक्षिणी खान यूनिस गवर्नरेट में 62 स्कूल, मध्य क्षेत्र गवर्नरेट में 14, गाजा गवर्नरेट में 94, और उत्तरी गाजा गवर्नरेट में 42 स्कूलों को सीधे निशाना बनाया गया। यह आज तक का सबसे गंभीर रूप से प्रभावित क्षेत्र है, जिसमें 86.2 प्रतिशत स्कूल भवन क्षतिग्रस्त हुए हैं।

रिपोर्ट के अनुसार पिछले साल अक्टूबर से फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए संरा राहत एवं कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) द्वारा संचालित दो में से एक से अधिक स्कूल परिसरों को भी निशाना बनाया गया है। साथ ही सरकारी इमारतों को भी इजरायली गोलाबारी या जमीनी अभियान के दौरान निशाना बनाया गया है। यूएनआरडब्ल्यूए ने बुधवार को संरा की भागीदारी वाली रिपोर्ट के प्रकाशन पर कहा कि गाजा में लगभग छह महीने से शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह से ठप है।

उपग्रह इमेजरी और अन्य स्रोतों से पता चलता है कि संघर्ष शुरू होने के बाद से इजरायली सुरक्षा बलों द्वारा ‘स्कूलों के सैन्य उपयोग किया जा रहा है। रिपोर्ट में बताया गया है कि गत सात अक्टूबर के बाद से 320 से अधिक स्कूल भवनों का उपयोग विस्थापित व्यक्तियों द्वारा आश्रय के रूप में किया गया है। इन सुविधाओं में से, 188 पर सीधा प्रभाव पड़ा है या वे क्षतिग्रस्त हो गई हैं।

# खालिदा ज़िया का जेल निलंबन छह माह और बढ़ाया गया

ढाका, एजेंसी



बंगलादेश सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा ज़िया की जेल की सजा के निलंबन को अगले छह महीने के लिए बढ़ा दिया है।

बंगलादेश के गृह मंत्रालय ने बुधवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा कि वह इस अवधि के दौरान देश छोड़कर नहीं जा सकतीं। उन्हें बंगलादेश में ही इलाज कराना होगा।

गौरतलब है कि वर्ष 2020 के बाद यह लगातार आठवां मौका है जब सरकार ने श्रीमती ज़िया की जेल की सजा को निलंबित किया है।

देश में कोविड-19 के प्रकोप के बाद सरकार ने मानवीय आधार पर श्रीमती जिया को अस्थायी रूप से छह माह के लिए जेल से रिहा करने का फैसला मार्च 2020 में किया था।

बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी की प्रमुख ज़िया को विदेशी धन के गबन मामले में दोषी पाये जाने के बाद अदालत ने सात साल की सजा सुनायी थी और वह फरवरी 2018 से जेल में थीं।

# इस वर्ष शुरुआती तीन महीनों में रिकॉर्ड 4,600 शरणार्थी पहुंचे

लंदन, एजेंसी


फाइल फोटो

दुनिया भर से इस वर्ष अब तक 4,600 से अधिक शरणार्थी छोटी-छोटी नावों पर सवार होकर ब्रिटेन पहुंचे हैं, जो वर्ष के शुरुआती तीन महीनों के लिए एक रिकॉर्ड है।

गृह मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी प्रोविजनल आंकड़ों के मुताबिक इस वर्ष 26 मार्च तक 4,644 लोगों को छोटी नावों जैसे कि हवा भरने योग्य नावों पर चैनल के पार आते हुए पाया गया। पिछले वर्ष की समान अवधि में 3,770 और वर्ष 2022 की इसी अवधि में 4,162 शरणार्थी ब्रिटेन पहुंचे थे।

इस वर्ष ब्रिटेन पहुंचने वाले शरणार्थियों की संख्या सबसे अधिक है, जिससे प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के सामने एक नयी राजनीतिक चुनौती उत्पन्न हो गयी है। सुनक को उम्मीद है कि ब्रिटेन में बिना अनुमति के आने वाले लोगों को रवांडा भेजने की उनकी प्रमुख योजना लोगों को खतरनाक तरीके से चैनल पार करने से रोकेगी। कई बार कानूनी तौर पर असफल होने के बाद उस योजना को शुरू करने और चलाने के लक्ष्य से संबंधित कानून अगले महीने संसद में फिर से पेश किया जाने वाला है।

मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने पिछले सप्ताह कहा, “चैनल को पार करने वाले लोगों की अस्वीकार्य संख्या वास्तव में दर्शाती है कि हमें रवांडा के लिए उड़ानें जल्द से जल्द क्यों शुरू करनी चाहिए।”

उन्होंने कहा, “हम फ्रांसीसी पुलिस के साथ मिलकर काम करना जारी रखेंगे जो इन खतरनाक, अवैध और अनावश्यक यात्राओं को रोकने के लिए अथक प्रयास करने के कारण अपने समुद्र तटों पर बढ़ती हिंसा और व्यवधान का सामना कर रहे हैं।”

# सेनेगल में राष्ट्रपति पद के चुनाव में दियोमाये फेय ने दर्ज की जीत

डैकर, एजेंसी



सेनेगल विपक्षी गठबंधन ‘डायोमाये प्रेसिडेंट’ के उम्मीदवार बस्सिरो डायोमाये फे ने राष्ट्रपति चुनाव जीत लिया है।

सेनेगल के राष्ट्रीय मतगणना आयोग के अध्यक्ष अमाडी डियॉफ़ ने बुधवार को यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा, फेय ने कुल 2,434,751 वोट हासिल किए, जो कुल वोटों का 54.28 प्रतिशत है। मतदान प्रतिशत 61.30 प्रतिशत रहा।सत्तारूढ़ गठबंधन का प्रतिनिधित्व करने वाले उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी अमादौ बा 35.79 प्रतिशत वोटों के साथ पीछे रहे।फेय (44) का जन्म डैकर से 115 किमी पूर्व में स्थित नदिआगनियाओ में हुआ था। उन्होंने डैकर में शेख अंता डिओप विश्वविद्यालय से कानून में मास्टर डिग्री प्राप्त की है। उन्होंने 2004 में नेशनल स्कूल ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की और स्नातक स्तर की पढ़ाई के बाद कर निरीक्षक बन गए।उन्होंने सेनेगल फॉर वर्क, एथिक्स एंड फ्रेटरनिटी (पीएएसटीईएफ) पार्टी के अफ्रीकी पैट्रियट्स के महासचिव के रूप में कार्य किया, जिसे जुलाई 2023 में राष्ट्रपति के आदेश द्वारा भंग कर दिया गया था।फेय को अप्रैल 2023 में कैद किया गया था और निवर्तमान राष्ट्रपति मैकी सॉल द्वारा माफी कानून लागू करने के बाद 14 मार्च को रिहा कर दिया गया था।

# अमेरिका के बाल्टीमोर में दो शव मिले

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के शहर बाल्टीमोर में पुल ढहने की जगह से दिन में एक पिकअप ट्रक में दो लोगों के शव बरामद हुए हैं। अमेरिका में अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। मैरीलैंड राज्य पुलिस के कर्नल रोलैंड बटलर ने बुधवार अपराह्न में संवाददाता सम्मेलन में कहा, ‘गोताखोरों ने पुल के मध्य क्षेत्र में लगभग 25 फीट पानी में डूबे एक लाल पिकअप ट्रक को पाया। गोताखोरों ने वाहन के भीतर फंसे इस त्रासदी के दो पीड़ितों को बरामद किया। उन्होंने कहा, ‘गोताखोरों को स्थानीय समयानुसार बुधवार सुबह 10 बजे से कुछ देर पहले क्रमशः 35 और 26 साल की उम्र के दो आदमी मिले। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी तटरक्षक अधिकारियों ने मंगलवार शाम को ठंडे पानी और दुर्घटना के बाद की अवधि का हवाला देते हुए पुल ढहने के बाद लापता छह निर्माण श्रमिकों को मृत मान लिया गया था।

**रिपोर्ट** | **विदेशी हथियारों का पाकिस्तान पर हमले के लिए हो रहा है जमकर उपयोग ...**

# पाक के खिलाफ आतंकवादी इस्तेमाल कर रहे हैं अमेरिकी हथियार

रावलपिंडी, एजेंसी



तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ,बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी और अन्य आतंकवादी संगठन अमेरिका निर्मित हथियारों से पाकिस्तान के खिलाफ हमले कर रहे हैं। हाल के महीनों में आतंकवादी हमलों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, जिसके परिणामस्वरूप देश भर में आतंकवादी समूहों द्वारा नागरिकों के साथ-साथ सुरक्षा बलों को निशाना बनाए जाने के कारण कई लोगों की जान चली गई है।

‘जियो न्यूज’ की रिपोर्ट के मुताबिक, “तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ,बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी और अन्य आतंकवादी संगठन अफगानिस्तान में संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा छोड़े गए हथियारों सहित विदेशी हथियारों का पाकिस्तान पर हमले के लिए जमकर उयोग कर रहे हैं।’’

पाकिस्तान ने एक बार फिर शिकायत की है कि अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना की जल्दबाजी में वापसी के कारण आधुनिक हथियार आतंकवादियों के हाथों में पड़ गये हैं। सुरक्षा बलों द्वारा जब्त किए गए हथियारों से संकेत मिलता है कि आतंकवादी हाल के महीनों में पाकिस्तान के अंदर अपने हमलों में अमेरिका निर्मित हथियारों का उपयोग कर रहे हैं।सुरक्षा सूत्रों ने कहा है कि हाल के तुरबत हमले में शामिल आतंकवादी एम32 मल्टी-शॉट ग्रेनेड लॉन्चर और एम16ए4 असॉल्ट राइफल सहित अमेरिका निर्मित हथियारों से लैस थे।

इस साल की शुरुआत में 27 जनवरी को उत्तरी वज़ीरिस्तान में नाइक मिनल्लाह नाम के आतंकवादी के पास से अमेरिका निर्मित हथियार भी बरामद किए गए थे। इससे पहले, सुरक्षा बलों ने 22 जनवरी को सांबाजा, झोब में आतंकवादी हमले के पीछे आतंकवादियों से इसी तरह के हथियार बरामद किए थे। सूत्रों ने बताया कि 19 जनवरी को पाक-अफगानिस्तान सीमा पर आतंकवादियों से जब्त किए गए हथियार भी विदेश निर्मित थे।सुरक्षा बलों ने पिछले साल 29 दिसंबर को मीर अली में आतंकियों के पास से गोला-बारूद के साथ एके-47 और एम4 कार्बाइन असॉल्ट राइफलें बरामद की थीं। इसी महीने, 12 दिसंबर को डेरा इस्माइल खान के दरबान इलाके में अपने हमले के दौरान आतंकवादियों ने नाइट विजन गॉगल्स और अमेरिका निर्मित असॉल्ट राइफलों का इस्तेमाल किया था।सीमा शुल्क और सुरक्षा अधिकारियों ने 13 दिसंबर को अफगानिस्तान से पाकिस्तान में प्रवेश करने वाली एक कार से आधुनिक अमेरिकी निर्मित हथियार बरामद किए, इसके बावजूद आतंकवादियों ने 15 दिसंबर को उन्नत अमेरिकी हथियारों का उपयोग करके टैंक में एक और हमला किया।

इसके अलावा, आतंकवादियों ने क्रमशः छह सितंबर और चार नवंबर को चित्राल और मियांवाली एयरबेस में दो पाकिस्तानी चेकपोस्टों पर हमला करने के लिए अमेरिका निर्मित हथियारों का इस्तेमाल किया था।जुलाई 2023 में टीटीपी आतंकियों ने झोब गैरीसन पर भी हमला करने के लिए अमेरिका निर्मित हथियारों का इस्तेमाल किया था। यूरेशियन टाइम्स के अनुसार, प्रतिबंधित टीटीपी से जुड़े आतंकवादी अभी भी पाकिस्तान में हमले करने के लिए अमेरिका निर्मित हथियारों का उपयोग कर रहे हैं। पेंटागन ने स्वयं पुष्टि की है कि वाशिंगटन ने अफगान बलों को जो 427,300 हथियार उपलब्ध कराए थे, उनमें से लगभग 300,000 हथियार पीछे रह गए, जब उसकी सेना अगस्त 2021 में युद्धग्रस्त देश से हट गई।

# जयपुर की सुरक्षा के लिए बनवाया गया था नाहरगढ़ किला

**राजस्थान का शहर जयपुर कई वजहों से मशहूर है। यहां स्थित नाहरगढ़ किला इन्हीं वजहों में से एक है जिसकी वजह से यहां हर साल भारी संख्या में लोग आते हैं। बेहद खूबसूरत यह किला रात में समय शहर की खूबसूरती में चार चांद लगा देता है। हालांकि अपनी खूबसूरत बनावट के अलावा लोग इस किले को इसकी भूतिया कहानी की वजह से भी देखने आते हैं।**

अनेकता में एकता का देश भारत दुनियाभर में अपनी विविधता के लिए मशहूर है। यहां हर एक राज्य की अपनी अलग खासियत है, जिसे देखने दूर-दूर से लोग हमारे देश आते हैं। राजस्थान भारत का ऐसा ही एक राज्य है, जो अपनी रंग-बिरंगी संस्कृति और परंपराओं के लिए दुनियाभर में जाना जाता है। इस राज्य का अपना अलग समृद्ध इतिहास है, जिसके सबूत आज भी इस राज्य में देखने को मिलते हैं। यहां कई ऐतिहासिक धरोहर मौजूद हैं, जो अपने समृद्ध इतिहास को दर्शाते हैं।

राजस्थान को किलों और महलों का राज्य भी कहा जाता है। यहां पर कई खूबसूरत किले और महल मौजूद हैं, जिनका दीदार करने दूर-दूर से लोग यहां आते हैं। राज्य की राजधानी जयपुर में भी ऐसे ही खूबसूरत किले और महल मौजूद हैं, जिन्हें देखने कई लोग यहां आते हैं। नाहरगढ़ का किला इन्हीं किलों में से एक है, जो भारत के सबसे मशहूर किलों में से एक है। यहां हर साल भारी संख्या में टूरिस्ट आते रहते हैं। आइए जानते इस किले का इतिहास और इससे जुड़ी रोचक बातें-




**नाहरगढ़ किले का इतिहास**

राजस्थान ट्यूरिज्म की वेबसाइट के मुताबिक नाहरगढ़ किला अरावली पहाड़ियों की एक चोटी पर स्थित है। इसे किले को सन 1734 में जय सिंह के शासनकाल के दौरान बनवाया गया था और फिर बाद साल 1868 में इसका विस्तार किया गया था। नाहरगढ़, का अर्थ बाघों का निवास होता है। यह किला खास तौर पर हमलावर दुश्मनों के खिलाफ जयपुर की रक्षा के लिए किया गया था। यह किला आज भी दुनियाभर में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है और इसकी खूबसूरती को निहारने देश-विदेश से लोग भारी संख्या में यहां आते हैं।


**भूतिया भी कहलाता है नाहरगढ़ किला**

पहले इस किले का नाम सुदर्शनगढ़ था, लेकिन बाद में इसी जगह मारे गए युवराज नाहर सिंह के नाम पर इस किले का यह नाम रखा गया। दरअसल, युवराज की प्रेतात्मा चाहती थी कि इस दुर्ग का नाम उनके नाम पर पड़े। अपनी खूबसूरती के लिए मशहूर यह किला अपनी भूतिया कहानी के लिए भी मशहूर है।

ऐसा कहा जाता है कि किले के निर्माण के दौरान कई ऐसी गतिविधियां होती थी, जिसकी वजह से यहां काम करने वाले मजबूर डर कर भाग जाते हैं। दरअसल, लोगों का कहना है कि मजदूर इस किले में जो भी काम करते थे, वह अगले दिन तहस-नहस हो जाता था, जिससे महल का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाता था और मजदूर काफी डर जाते थे।

**बॉलीवुड फिल्मों की शूटिंग के लिए मशहूर है किला**

पर्यटन के अलावा यह किला बॉलीवुड फिल्मों की शूटिंग के लिए भी काफी मशहूर है। यहां पर अभिनेता आमिर खान स्टारर फिल्म रंग दे बसंती की शूटिंग हुई थी। इसके बाद से ही यह किला लोगों के बीच ज्यादा मशहूर हो गया था। बाद में दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत भी अपनी फिल्म शुद्ध देसी रोमांस के लिए यहां शूटिंग कर चुके हैं।



# फैमिली के साथ सैर-सपाटे की कर लें तैयारी

सर्दियां जा चुकी हैं और जल्द ही मई-जून वाली गर्मी आने वाली है, लेकिन इसके बीच मार्च-अप्रैल का मौसम शानदार होता है। अप्रैल में आप अपनी फैमिली के साथ कहीं घूमने जाने का प्लान कर सकते हैं। बच्चों के लिए भी ये ट्रिप काफी यादगार और रिफ्रेशिंग हो सकती है। अप्रैल का महीना हिल स्टेशन घूमने के लिए काफी अच्छा माना जाता है। आज हम आपको ऐसी जगहों के बारे में बता रहे हैं जहां न तो आपको ठंडा मौसम मिलेगा और न ही यहां ज्यादा गर्मी रहती है। इस समय का प्लीजिंग वैदर आपके घूमने का और बढ़ा देगा।



## तवांग

अरुणाचल प्रदेश में स्थित तवांग भारत का सबसे सुंदर हिल स्टेशन है। चारों ओर खूबसूरत पहाड़ों और हरियाली देखकर आपका दिल खुशी से झूम उठेगा। बर्फ की चादर में लिपटी हिमालय के चोटियों को देखना आपके अंदर रोमांच पैदा कर देगा। यहां आपको पहाड़, जंगल और खूबसूरत झील भी देखने को मिलेंगी। यहां कईमोनेस्ट्रीज हैं जो आपको शांति का अहसास कराने के लिए काफी हैं।

## गुलमर्ग

अप्रैल के महीने में कश्मीर का गुलमर्ग फूलों से गुलजार रहता है। गुलमर्ग में पहुंचकर आपको ऐसा लगेगा जैसे इसी को धरती का स्वर्ग कहा जाता है। गुलमर्ग इस मौसम में रंग-बिरंगे फूलों से सजा रहता है। घाटी में हर तरफ फूल ही फूल नजर आते हैं। यहां की झील, बुग्याल और पहाड़ आपके मन को खुश कर देंगे। यहां कई एडवेंचर एक्टिविटीज का भी मजा आप ले सकते हैं।

## रवंगला

अगर आप सिक्किम जाने की सोच रहे हैं तो इस वर्त शानदार मौसम रहता है। सिक्किम में आप रवंगला जरूर जाएं जो गंगटोक और पेलिंग के बीच पड़ता है। इसे सिक्किम का स्वर्ग कहा जाता है। भले ही ये छोटी-सी जगह हो लेकिन इसकी खूबसूरती आपका मन मोह लेगी। प्रकृति प्रेमियों को चाय के हरे बागान और पहाड़ की खूबसूरती काफी पसंद आएगी। रवंगला से मइनम ला वाइल्ड सैंक्चरी ट्रेक भी शुरू होता है।


# मिलेजुले रुख के बीच शेयर बाजार की तेजी थमी

**गिरावट**

- **बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 361.64 अंक अर्थात 0.50 प्रतिशत की गिरावट लेकर 72,470.30 अंक पर आया।**

मुंबई, एजेंसी

विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर आईटी, टेक, बैंकिंग, एफएमसीजी और वित्तीय सेवाएं समेत सात समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार की पिछले लगातार तीन दिन की तेजी आज थम गई। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 361.64 अंक अर्थात 0.50 प्रतिशत की गिरावट लेकर 72,470.30 अंक पर आ गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 92.05 अंक यानी 0.42 प्रतिशत टूटकर 22,004.70 अंक पर बंद हुआ। वहीं, इस दौरान बीएसई का मिडकैप 0.71 प्रतिशत की तेजी के साथ 39,075.87 अंक पर पहुंच गया जबकि स्मॉलकैप 0.11 प्रतिशत फिसलकर 42,726.22 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4100 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2545 में गिरावट जबकि 1415 में तेजी रही वहीं 140 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 30 कंपनियों के शेयर लुढ़क गए जबकि 20 में बढ़त रही।




बीएसई के सात समूहों में बिकवाली का दबाव रहा। इससे एफएमसीजी 0.29, वित्तीय सेवाएं 0.26, आईटी 0.57, दूरसंचार 0.02, ऑटो 0.01, बैंकिंग 0.51 और टेक समूह के शेयर 0.83 प्रतिशत कमजोर रहे। वहीं, इंडस्ट्रियल्स 0.95, कैपिटल गुड्स 1.19, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.50, तेल एवं गैस 0.84, रियल्टी 1.45 और सर्विसेज समूह के शेयरों में 1.48 प्रतिशत की तेजी रही।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान जर्मनी का डैक्स 0.25, हांगकांग का हैंगसेंग 0.88, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.71 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.17 प्रतिशत चढ़ गया जबकि ब्रिटेन का एफटीएसई 0.09 और जापान का निक्केई 0.04 प्रतिशत फिसल गया।

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 435 अंक की भारी गिरावट के साथ 72,396.97 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 72,705.29 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली के दबाव में लगातार रहने के बाद यह कारोबार के अंतिम चरण में 72,363.03 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। अंत में पिछले दिवस के 72,831.94 अंक के मुकाबले 0.50 प्रतिशत कमजोर रहकर 72,470.30 अंक रह गया।

इसी तरह निफ्टी भी 149 अंक का गोता लगाकर 21,947.90 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,073.20 अंक के उच्चतम जबकि 21,947.55 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,096.75 अंक की तुलना में 0.42 प्रतिशत उतरकर 22,004.70 अंक पर बंद हुआ।

# खाद्य तेलों में टिकाव; अरहर दाल महंगी

नयी दिल्ली, एजेंसी

विदेशी बाजारों में जारी गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर पड़ने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि मांग निकलने से अरहर दाल महंगी हो गई वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अप्रैल का पाम ऑयल वायदा 69 रिंगिट गिरकर 4263 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायद 0.68 सेंट की गिरावट के साथ 47.74 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में अरहर दाल में 200 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : चना 5800-5900, दाल चना 6800-6900, मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 9800-9900, उड़द दाल 10100-10200, अरहर दाल 12000-12100 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

# चालू खाता घाटा तीसरी तिमाही में 10.5 अरब डॉलर के साथ जीडीपी के 1.2 प्रतिशत के बराबर

नयी दिल्ली, एजेंसी

चालू वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में भारत का चालू खाते का घाटा एक साल पहले की इसी अवधि की तुलना में कम हो कर 10.5 अरब अमेरिकी डॉलर या सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 1.2 प्रतिशत रहा । पिछली तिमाही के साथ-साथ पिछले वर्ष की समान तिमाही।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत का चालू खाते का घाटा तीसरी तिमाही में 10.5 अरब डॉलर रहा। यह पिछली तिमाही के 11.4 अरब डॉलर और 2022-23 की तीसरी तिमाही के16.8 अरब डॉलर से था। रिपोर्ट के अनुसार तीसरी तिमाही में वस्तु व्यापार के क्षेत्र में व्यापार घाटा




(निर्यात की तुलना में आयात की अधिकता) 71.6 अरब डॉलर रहा, जो पिछले साल की तीसरी तिमाही से थोड़ा अधिक है। लेकिन सेवा निर्यात में वृद्धि और व्यापार में शुद्ध प्राप्ति बढ़ने से चालू खाते के घाटे में कमी रही। आरबीआई की रिपोर्ट में कहा गया है कि आलोच्य अवधि में सॉफ्टवेयर, व्यापार और यात्रा सेवाओं के बढ़ते निर्यात में साल-दर-साल 5.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

# T+0 सेटलमेंट सिस्टम आज से शुरू

**जानकारी**

- **BSE ने इसके लिए 25 शेयरों की लिस्ट जारी की, शेयर बेचने पर उसी दिन अकाउंट में पैसा आएगा**

मुंबई, एजेंसी

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) ने उन 25 स्टॉक्स की लिस्ट जारी कर दी है, जिनमें कल यानी 28 मार्च से ऑप्शनल बेसिस पर T+0 सेटलमेंट सिस्टम शुरू होगा। इस लिस्ट में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, टाटा कम्युनिकेशंस, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और वेदांता सहित अन्य स्टॉक शामिल हैं।

T+0 सेटलमेंट का मतलब शेयर की खरीदारी और बिक्री का सेटलमेंट एक ही दिन में होगा। आसान भाषा में समझें तो अगर आप ट्रेडिंग-डे पर 1:30 बजे तक शेयरों को बेचेंगे तो उसी दिन शाम 4:30 बजे तक उसका पैसा अकाउंट पर आ जाएगा। अभी शेयर मार्केट में T+1 सेटलमेंट काम करता है।



T+1 सेटलमेंट में शेयर बेचने के बाद अकाउंट में पैसा अगले दिन क्रेडिट होता है। तीन महीने पहले मार्केट रेगुलेटर ने T+0 के लिए कंसल्टेशन पेपर इश्यू किए थे और 12 जनवरी तक इसपर लोगों से राय मांगी थी। 6 दिन पहले सेबी ने T+0 सेटलमेंट सिस्टम शुरू करने को लेकर 6-स्टेप गाइडलाइन जारी की थी। सभी इन्वेस्टर्स T+0 सेटलमेंट सिस्टम के लिए एलिजिबल

मार्केट रेगुलेटर SEBI यानी सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया ने कहा है कि सभी इन्वेस्टर्स T+0 सेटलमेंट सिस्टम के लिए एलिजिबल होंगे। **दो फेज में लागू होगा T+0 सेटलमेंट:**SEBI ने T+0 सेटलमेंट को दो फेज में लागू करने का प्रस्ताव दिया था। T+0 सेटलमेंट के पहले फेज में सेम-डे सेटलमेंट लागू किया जाएगा, जिसके बाद खरीदार को उसी दिन शेयर अलॉटमेंट और बेचने वालों को उसी दिन फंड मिल जाएगा।इसमें अगर आप ट्रेडिंग-डे पर 1:30 बजे तक शेयरों का कारोबार करेंगे तो शाम 4:30 बजे तक उनका सेटलमेंट हो जाएगा। वहीं, दूसरे फेज में 3:30 बजे तक किए गए सभी लेनदेन के लिए एक ऑप्शनल इमीडिएट ट्रेड-बाय-ट्रेड सेटलमेंट की सुविधा दी जाएगी।

**T+0 सेटलमेंट के लिए SEBI की 6 स्टेप गाइडलाइन**

एलिजिबल इन्वेस्टरः सभी निवेशक जो मार्केट इंफ्रास्ट्रक्चर इंस्टीट्यूशन (MII) की ओर से बताई गई टाइमलाइन, प्रोसेस और रिस्क की जरूरतों को पूरा करते हैं, वे T+0 सेटलमेंट साइकल में भाग लेने के लिए एलिजिबल हैं।

सर्विलांस के उपायः T+1 सेटलमेंट साइकल में जो सर्विलांस मेजर्स अप्लाई होते हैं, वहीं मेजर्स T+0 में शेयरों पर लागू होंगे।

**जिम्मेदारी** | **पवन दावुलुरी पैनोस पानाय की जगह लेंगे, एक्सपीरियंस एंड डिवाइसेस हेड राजेश झा को रिपोर्ट करेंगे**

# IIT-मद्रास के एलुमनाई बने माइक्रोसॉफ्ट विंडोज और सर्फेस के चीफ

नई दिल्ली, एजेंसी

IIT मद्रास के पूर्व छात्र पवन दावुलुरी को माइक्रोसॉफ्ट विंडोज और सर्फेस का चीफ बनाया गया है। दावुलुरी ने लंबे समय से प्रोडक्ट हेड रहे पैनोस पानाय का जगह लिया है। पानाय ने पिछले साल अमेजन जॉइन करने के लिए डिपार्टमेंट छोड़ दिया था। दावुलुरी इससे पहले सरफेस ग्रुप को हेड करते थे, जबकि मिखाइल पारखिन विंडोज डिपार्टमेंट के हेड थे। इन दोनों के पद छोड़ने के बाद, पवन ने विंडोज और सरफेस दोनों डिपार्टमेंट्स का कार्यभार संभाल लिया है।

दावुलुरी करीब 23 साल पहले माइक्रोसॉफ्ट से जुड़े थे। इससे पहले उन्होंने मैरीलैंड यूनिवर्सिटी से पोस्ट ग्रेजुएशन किया था। वे अब कंपनी के एक्सपीरियंस एंड डिवाइसेस हेड राजेश झा को रिपोर्ट करेंगे।

राजेश झा ने इस बात की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि इस बदलाव के रूप में हम विंडोज एक्सपिरिएंस और विंडोज+ डिवाइसेज के टीम को एक्सपीरिएंस + डिवाइसेज (E+D) डिवीजन के कोर पार्ट को एक साथ ला रहे हैं।

**माइक्रोसॉफ्ट की 4 दशक की यात्रा:** 1975 में बिल गेट्स ने अपने बचपन के दोस्त पॉल एलेन के साथ मिल कर अल्टेयर 8800 माइक्रो कंप्यूटर के लिए अपना पहला बेसिक प्रोग्रामिंग कोड (इंटरप्रेटर) बनाया। जून 1980 में गेट्स ने हार्वर्ड के क्लासमेट स्टीव बाल्मर को कंपनी का पहला बिजनेस मैनेजर बनाया। अगस्त 1981 में माइक्रोसॉफ्ट ने अपना नया ऑपरेटिंग सॉफ्टवेयर 'माइक्रोसॉफ्ट डिस्क ऑपरेटिंग सिस्टम' (MS-DOS) रिलीज किया, जो IBM पर्सनल कंप्यूटर पर रन करता था।

1983 में माइक्रोसॉफ्ट ने नया सॉफ्टवेयर 'Windows' अनाउंस किया। इसका टारगेट MS-DOS को विजुअल इफेक्ट्स के जरिए और बेहतर बनाना था।



1985 में कंपनी ने 'Windows 1.0' को यूजर्स के लिए लॉन्च कर दिया। इसी साल स्क्रीन या विंडोज के काम को माउस के जरिए करना शुरू कर दिया।

1986 में कंपनी ने अपना हेडक्वर्टर रेडमंड, वॉशिंगटन शिफ्ट कर लिया। यहां कंपनी ने 21 डॉलर प्रति शेयर के हिसाब से 60 मिलियन डॉलर जुटाए।

1988- 1987 में Windows 2.0 के लॉन्च होने के साथ ही कंप्यूटर अब ऑफिस में यूज होने लगा। इसी साल गूगल सेल के आधार पर कंपनी पर्सनल कंप्यूटर (PC) सॉफ्टवेयर के मामले में सबसे बड़ी कंपनी बन गई।

1990-1995: 1990 में Windows 3.0 के लॉन्च के 5 साल बाद Windows 95 लॉन्च हुआ, जिसकी 10 लाख से ज्यादा कॉपी केवल 4 दिन में सेल हो गई।

1995 में इंटरनेट के आने के बाद कंपनी ने अपना पहला वेब ब्राउजर 'Internet Explorer' लॉन्च किया।

1998: Windows 98, विंडोज का पहला कंप्यूटर बेस्ड वर्जन रिलीज किया गया। इसी दौरान कंपनी को यूएस सरकार के साथ एंटिट्रस्ट (अविश्वास) के मामले में कानूनी लड़ाई लड़नी पड़ी।

2000: जनवरी में बाल्मर को नया CEO बनाया गया।

2001: 1998 की कानूनी लड़ाई खत्म हो गई और कंपनी ने इसी साल नवंबर में गेमिंग इंडस्ट्री में अपना कदम रखा और Xbox गेमिंग कंसोल लॉन्च किया।

2005: नवंबर में Xbox का नेक्स्ट जेनरेशन Xbox 360 की सेल शुरू हुई।

2006: नवंबर में कंपनी ने Zune पोर्टेबल म्यूजिक प्लेयर लॉन्च किया। लेकिन यह मार्केट में सक्सेस नहीं हुआ और 2012 में कंपनी ने इसे डिस्कंटीन्यू कर दिया।

2007 में कंपनी ने Windows Vista लॉन्च किया। यह तब का लेटेस्ट ऑपरेटिंग सिस्टम था।

2009 में गूगल को चैलेंज करने के लिए कंपनी ने Bing नाम का सर्च इंजन लॉन्च किया।

2010: एपल iPhone और गूगल के एंड्रॉयड डिवाइस के बने हुए मार्केट में माइक्रोसॉफ्ट ने अपनी पहली Windows फोन लॉन्च किया।

2012: कंपनी ने सरफेस टैबलेट और Windows 8 ऑपरेटिंग सिस्टम लॉन्च किया। लेकिन यहां भी उम्मीद के मुताबिक सक्सेस नहीं मिली।

2013 में कंपनी के CEO बाल्मर ने एक साल के भीतर कंपनी छोड़ने की घोषणा कर के सबको चौंका दिया।

4 फरवरी 2014: माइक्रोसॉफ्ट की बोर्ड ने सर्वसम्मति से भारतीय मूल के एग्जीक्यूटिव सत्या नडेला को कंपनी का नया CEO चुना। कंपनी के 39 साल की यात्रा में सत्या तीसरे CEO थे। सत्या अभी तक माइक्रोसॉफ्ट के CEO हैं।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)